भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

राज्य सभा
आतारांकित प्रश्न सं. 965
बुधवार, 31 जुलाई, 2024 (श्रावण 9, 1946, (शक)) को उत्तरार्थ

किसान उत्पाद संगठन को बढ़ावा दिया जाना

965 # श्री बाबू राम निषादः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सहकारिता क्षेत्र में एफपीओ को बढ़ावा देने हेतु मंत्रालय द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;
(ख) इससे पैक्स से जुड़े किसानों को किस प्रकार सहायता मिलेगी; और
(ग) देश में सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करने में यह कदम किस प्रकार सहायक होगा ?

उत्तर

सहकारिता मंत्रालय
(श्री अमित शाह)

(क): सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की पहल पर केंद्रीय क्षेत्रक योजना- 10,000 किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) की स्थापना और संवर्धन के अंतर्गत पैक्स के सशक्तिकरण के माध्यम से सहकारी क्षेत्र में किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) की स्थापना और संवर्धन के लिए कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम को 1100 अतिरिक्त किसान उत्पादक संगठन का लक्ष्य आवंटित किया गया है ।

(ख): FPO योजना के अंतर्गत प्रत्येक किसान उत्पादक संगठन (FPO) को 33 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। इसके अलावा, किसान उत्पादक संगठनों (FPOs) के संवर्धन और हैंडहोल्डिंग के लिए क्लस्टर आधारित व्यवसाय संगठन (CBBO) को प्रति FPO 25 लाख रुपए की सीमा तक की वित्तीय सहायता प्रदान किया जा रहा है । किसान उत्पादक संगठनों (FPO) और पैक्स के बीच उनके उपज/उत्पादों के बैकवर्ड के साथ-साथ फॉरवर्ड एकीकरण के लिए बाजार लिंकेज का भी विकास किया जा रहा है । यह पहल किसानों को आवश्यक बाजार लिंकेज प्रदान करके उन्हें अपनी उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करेगा ।

(ग): मौजूदा पैक्स के सदस्यों के साथ FPOs का गठन किया जाना है जिससे FPO और PACS के बीच बाज़ार लिंकेज़ विकसित हो सकेगा । इससे पैक्स के साथ-साथ उसके सदस्यों को भी अपने उपज का बेहतर मूल्य प्राप्त करने में मदद मिलेगी । इससे PACS को अपने व्यापार का विस्तार करने में भी मदद मिलेगी । मूल्य संवर्धन/प्रसंस्करण कार्यों में FPOs महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और पैक्स, FPO के इस व्यवसाय के लिए कच्चे माल का प्रमुख स्रोत होंगे । इससे पैक्स, आय के नए और स्थायी स्रोत उत्पन्न कर सकेंगे ।

*****